





# जनविश्वास शिविर में मौके पर हुआ 149 प्रकरणों का निराकरण

## विधायक मऊगंज एवं कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, शासकीय संस्थान का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 12 सितम्बर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप शासन को आमजन के और अधिक निकट पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत नगर परिषद मऊगंज में जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया.**

विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन शिविर में उपस्थित रहे इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए. शिविर में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जनसुनवाई, विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की विभागवार सुनवाई की गई. शिविर में कुल 253 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पात्र पाए गए 149 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया. शेष प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में विधायक मऊगंज श्री पटेल ने कहा कि मऊगंज जिले में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं. जिले में कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण कार्य जारी है, जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित होंगे. जिले में संदीपनि स्कूल विकसित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मऊगंज थाने का निरीक्षण किया.



### नगर परिषद कार्यालय का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत विधायक मऊगंज श्री पटेल एवं कलेक्टर श्री जैन ने नगर परिषद मऊगंज कार्यालय का निरीक्षण किया. उन्होंने विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण तथा विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी ली. अधिकारियों को अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए. विधायक श्री पटेल कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करें.



# मटियारा में पहुंचे दो जंगली हाथी, ग्रामीणों में दहशत

नवभारत न्यूज

**देवतालाव, 12 सितम्बर, जिले में पिछले दो दिनों से विचरण कर रहे दो जंगली हाथियों का जोड़ा शनिवार दोपहर लौर थाना क्षेत्र के मटियारा गांव पहुंच गया. हाथियों के गांव के नजदीक पहुंचने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई. सुरक्षा के मद्देनजर इलाके की बिजली सप्लाई भी बंद कर दी गई.**

जानकारी के मुताबिक दोनों हाथी पिछले दो दिनों से हनुमना क्षेत्र में घूम रहे थे. शुक्रवार को ढाबा क्षेत्र से निकलकर तड़हर और बहुती की ओर गए. इसके बाद शनिवार को मऊगंज क्षेत्र से होते हुए लौर थाना क्षेत्र के मटियारा गांव पहुंच गए. फिलहाल दोनों हाथी गांव के आसपास खेतों में घूम रहे हैं. हाथियों के आबादी के करीब पहुंचने से ग्रामीणों के साथ किसानों की चिंता भी बढ़ गई है. खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है. टीम द्वारा उन्हें आबादी वाले क्षेत्र से सुरक्षित तरीके से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है.

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे हाथियों के पास न जाएं और उन्हें घेरने या शोर मचाकर भगाने का प्रयास न करें. हाथियों पर पत्थर फेंकने अथवा फोटो-वीडियो बनाने के लिए उनके करीब जाने से भी बचने को कहा गया है.

# पंचायत उप निर्वाचन-2026 के लिए प्रेक्षक नियुक्त

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 12 सितम्बर, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन-2026 ( पूर्वार्द्ध ) के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया है.**

आयोग द्वारा मऊगंज जिले के लिए सेवानिवृत्त राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी शैलेन्द्र खरे को निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्त किया गया है. निर्वाचन प्रेक्षक 14 सितंबर से 18 सितंबर तक मऊगंज जिले के प्रवास पर रहेंगे. उनके प्रवास के दौरान वे निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं एवं कार्यों का अवलोकन करेंगे. निर्वाचन प्रेक्षक का निवास विश्राम गृह, नईगढ़ी में रहेगा. आमजन एवं निर्वाचन से संबंधित व्यक्तियों के लिए प्रेक्षक से मुलाकात का समय प्रतिदिन शाम 6 बजे से 7 बजे तक निर्धारित है.

# एनडीपीएस मामले में फरार आरोपी की तलाश तेज

नवभारत न्यूज

**देवतालाव, 12 सितम्बर, गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अभियान चला रही है.**

एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी आशीष उर्फ संगम उर्फ राका गुप्ता पिता मथुरा प्रसाद गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, निवासी रघुनाथगंज थाना मनगवां जिला रीवा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तलाश तेज कर दी है. आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 356/26 में धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज है. आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है. थाना प्रभारी लौर रीना सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए एएसआई रमाकांत दुबे, आरक्षक अवनीश पाण्डेय, वीरेंद्र शुक्ला, अजय मौर्य, शत्रुघ्न सिंह एवं शशिकांत की टीम सक्रिय है. पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश के साथ उसके संभावित संपर्कों और ठिकानों की जानकारी भी जुटाई जा रही है. पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

# एनएच-39 से महसांव बाजार मार्ग बना हादसों का सबब

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 12 सितम्बर, जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामीण अंचलों में सड़कों की दुर्दशा ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है. नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी मार्ग से महसांव बाजार की ओर जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क बारिश के पानी और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुकी है.**



सड़क पर जगह जगह इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं कि राहगीरों और वाहन चालकों के लिए इस मार्ग से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं रह गया है।यह मार्ग क्षेत्र के दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ता है जिसके कारण प्रतिदिन हजारों लोगों को इस खस्ताहाल रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है. इस जर्जर सड़क का सबसे बुरा असर स्कूली छात्र छात्राओं और रोजाना काम पर निकलने वाले ग्रामीणों पर पड़ रहा है।गड्ढों और जलभराव के कारण आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएँ होती रहती हैं. जिनमें कई लोग चोटिल हो चुके हैं. इसके अलावा भीटी से बड़ागांव करौंदी मार्ग तथा बड़ागांव से सिलचट तक की वह ग्रेवल सड़क जिसे हाल ही में प्रधानमंत्री सड़क योजना में नए सिरे से शामिल किया गया है उसकी हालत भी बद से बदतर हो चुकी है. स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिम्मेदार तंत्र केवल कागजी खानापूर्ति और बीच बीच में नाममात्र की लीपापोती करके अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लेता है जबकि धरातल पर सड़क की स्थिति हमेशा दयनीय ही बनी रहती है.

### मरम्मत न होने पर कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे सैकड़ों ग्रामीण

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से ग्रामीणों का आक्रोश अब चरम पर पहुँच चुका है . स्थानीय नागरिकों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि इस अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभाव से गुणवत्तापूर्ण मरम्मतीकरण और पुनर्निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो क्षेत्र के सैकड़ों लोग एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय का रुख करेंगे . ग्रामीणों का कहना है कि वे प्रशासनिक ढुलमुल रवैये के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलेंगे .

# तिरुपति-श्रीकालहस्ती यात्रा के लिए ट्रेन 12 अक्टूबर को रवाना होगी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 12 सितम्बर, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तिरुपति - श्रीकालहस्ती के लिए रीवा से स्पेशल ट्रेन 12 अक्टूबर को रवाना होगी.**

तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक प्राप्त किए जाएगे. आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है, (महिलाओ के लिए दो वर्ष की छूट) तथा जो आयकर दाता नही है, को प्रदेश के भीतर एवं बाहर स्थित विभिन्न अधिसूचित तीर्थ स्थलो की यात्रा कराए जाने का प्रावधान है.

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के प्रावधानों के तहत 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जो अकेले यात्रा करने के लिए आवेदन करते है उन्हे एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी. इसके अतिरिक्त 3 से 5 व्यक्तियो के समूह (जहां सभी सदस्य 65 वर्ष से अधिक आयु के हो) को एक सहायक ले जाने की अनुमति होगी. (जबकि पति पत्नी के साथ यात्रा करने की स्थिति में सहायक की अनुमति नही होगी. सहायक का संबंधी होना अनिवार्य नही है. समय पर आवेदन कर लाभ लें.



उप संचालक के साथ नगर का निरीक्षण करते व्यापारीगण

# छठी महोत्सव में लोगों ने लिया भंडारे का प्रसाद

हनुमना, 12 सितम्बर, हनुमना नगर स्थित प्राचीन भगवान श्री लक्ष्मी नारायण के मंदिर में आयोजित भगवान श्री कृष्ण के छठी महोत्सव के भंडारे में लोगो ने पहुंच कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया. प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी महोत्सव के बाद 12 सितंबर को दोपहर 12:00 बजे से छठी महोत्सव के भंडारे का आयोजन भगवान से लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में किया गया था. इसमें कढ़ी चावल सब्जी पूरी तथा मिठाई आदि शामिल रही.

# चाकघाट की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने उपसंचालक के सामने रखी मांगें

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 12 सितम्बर, नगर निकाय प्रशासन के उपसंचालक जीडी हिमांशु भट्ट के चाकघाट आगमन पर चाकघाट व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनसे महत्वपूर्ण मुलाकात कर नगर की विभिन्न जन समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया.**

इस दौरान व्यापार मंडल के सदस्यों ने उपसंचालक को नगर का निरीक्षण भी कराया, और मौके पर मौजूद समस्याओं से अवगत कराया. व्यापार मंडल ने नगर की व्यवस्थाओं में सुधार, व्यापारियों से जुड़े मुद्दों तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर चर्चा की.

व्यापारियों का कहना है कि नगर के विकास के लिए केवल बैठकों तक सीमित रहने के बजाय जमीनी स्तर पर समस्याओं का निरीक्षण कर उनका समयबद्ध तरीके से निराकरण जरूरी है.

मुलाकात के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता 'गोलू', सचिव धीरज बाबू, कोषाध्यक्ष अजय सोंधिया सहित संतोष कुमार जैन, राजशरण लाल, शिव बाबू केसरवानी, शारदा प्रसाद, उमाशंकर गुप्ता 'दादू', प्रमोद डांगे, बनवारी लाल केशरवानी, राधेश्याम सोनी, रोहित केसरवानी, आनंद चौरसिया सहित व्यापार मंडल के अन्य सदस्य मौजूद रहे. व्यापार मंडल के सदस्यों ने कहा कि चाकघाट के विकास और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए व्यापारियों एवं नागरिकों का एकजुट होना जरूरी है. उपसंचालक के नगर निरीक्षण और व्यापार मंडल के साथ हुई चर्चा के बाद व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि सामने रखी गई समस्याओं पर जल्द ही ठोस और प्रभावी कार्रवाई देखने को मिलेगी. व्यापार मंडल प्रशासन के साथ संवाद जारी रखेगा.

# जन विश्वास शिविर में 200 ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

**मनगवां, 12 सितम्बर, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत सीएफटी पंचायत भवन तिवनी में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में अपनी विभिन्न समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं एवं शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए करीब 200 ग्रामीण पहुंचे.**




शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 85 लिखित आवेदन प्रस्तुत किए गए. इनमें राजस्व विभाग के 45, पंचायत विभाग के 21, विद्युत विभाग के 07, महिला एवं बाल विकास विभाग के 01, स्वास्थ्य विभाग के 01, जल निगम के 02, शिक्षा विभाग के 03, नगर विभाग के 01 तथा विधायक से संबंधित 05 आवेदन शामिल रहे. ग्रामीणों ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, लंबित मामलों का निराकरण कराने तथा गांव में आवश्यक विकास कार्य कराए जाने की मांग रखी.

प्राप्त आवेदनों को दर्ज कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया. अधिकारियों ने बताया कि आवेदनों का परीक्षण एवं आवश्यक जांच के बाद नियमानुसार निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी. विधायक इन्जी. नरेन्द्र प्रजापति ने श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया एवं शौचालय सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सरपंच सचिव एवं जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया.

मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में मनगवां विधायक इंजी. नरेद्र प्रजापति, जनपद पंचायत गंगेव अध्यक्ष विकास तिवारी, जनपद सीईओ प्राची चौबे, तिवनी सरपंच वैजनाथ साकेत, मंडल अध्यक्ष सूरा मुकेश पटेल, सहेबा सरपंच जगत नारायण मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि कमलेश्वर प्रसाद तिवारी, विनय शास्त्री, पुष्परज तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.

# ग्राम नल जल योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की गयी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 12 सितम्बर, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत पुनरीक्षित एकल ग्राम नल जल योजना का कार्य पूर्ण कर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है.**

विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल की उपस्थिति में मऊगंज जनपद के ग्राम देवरी शिवमंगल सिंह में एकल ग्राम नल जल योजना ग्राम पंचायत को हस्तांरित की गयी. इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि जल महोत्सव कार्यक्रम के तहत यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए बड़ी सौगात है. अब उन्हें नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगेगा. विधायक श्री पटेल ने इस अवसर पर पेयजल का स्वाद भी चखा. कार्यक्रम में सीईओ जनपद मऊगंज परमानंद तिवारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.



# निर्माणाधीन सिविल अस्पताल बरगवां का कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किया संयुक्त निरीक्षण



सिंगरौली 12 सितम्बर। सिंगरौली प्रवास पर आए रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह एवं कलेक्टर गौरव बैनल ने बरगवां में निर्माणाधीन सिविल अस्पताल का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए विभिन्न निर्माणाधीन हिस्सों का अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यपालन यंत्री को निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रत्येक चरण के कार्य को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण जनहित के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। इधर अधिकारियों ने कहा कि सिविल अस्पताल के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। इसलिए निर्माण कार्य को पूरी गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए।

# प्रभारी मंत्री ने किया सिहावल में सांदीपनि विद्यालय और छात्रावास का लोकार्पण

## प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों से किया संवाद, कहा- लक्ष्य तय कर जिद और जुनून से करें मेहनत

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 सितम्बर । मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने सिहावल में 43 करो? 60 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति वाले दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यों का लोकार्पण किया।**

इनमें 3925.60 लाख रुपये की लागत से निर्मित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावल और 434.67 लाख रुपये की लागत से निर्मित आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास पतुलखी शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने की। विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह और कलेक्टर विकास मिश्रा उपस्थित रहे।

लोकार्पण के बाद प्रभारी मंत्री ने विद्यालय के पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षों, शैक्षणिक सुविधाओं और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों से जानकारी ली।

इस दौरान नीट और जेईई की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे ब?ने के पर्याप्त अवसर मिलें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए जिद, जुनून और पूरी ऊर्जा के साथ मेहनत करें। सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास को अपनी ताकत बनाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जितना ब?ा लक्ष्य निर्धारित करेंगे, उतनी ही ब?ी उपलब्धियां हासिल करने का प्रयास करेंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रथम प्रयास में नियमित परीक्षार्थी के रूप में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने वाले बालक और बालिका को निःशुल्क स्कूटी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पात्र विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए बेहतर परिणाम हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने कहा कि नवीन विद्यालय परिसर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस परिसर से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। सिहावल क्षेत्र में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की कमी नहीं है। उचित सुविधाएं और मार्गदर्शन मिलने से यहां के विद्यार्थी नीट, जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। नवीन परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का विद्यार्थियों के हित में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। नवीन परिसर मिलने पर विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।